Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

an>

Title : Need to send a Central team to Uttaranchal to assess the damage caused due to drought and release funds for providing help to the affected people in the region.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी (गढ़वाल) : महोदय, उत्तरांचल में इस साल भारी सूखा पड़ा है और बर्फ भी कम पड़ी है, जिसकी वजह से उत्तरांचल के 13 जिलों में से 11 जिले पूर्ण रूप से सूखाग्रस्त हैं और आगे भी भविय में सूखे की स्थिति और भी भयावह होने वाली है। वार्ा न होने के कारण और रबी की फसल सूखने के कारण काश्तकारों को भारी क्षति हुयी है। इस पर्वतीय प्रदेश में अधिकांश क्षेत्र वार्ा पर ही निर्भर है। सूखे की वजह से भूजल स्तर भी काफी गिर गया है। साथ ही पूरे प्रदेश की जनता के समकक्ष पेयजल व सिंचाई का भी संकट खड़ा कर दिया है। सूखे की वजह से रबी की 50-60 प्रतिशत फसल चौपट हो चुकी है और अगर इस महीने भी वार्ा न हुई तो 80 प्रतिशत फसल नट हो जायेगी और स्थिति और भी भयावह हो जायेगी। उत्तरांचल में भी कृाि विभाग द्वारा अपनी रिर्पोट शासन को भेजी हुयी है, जिसमें प्रदेश के 11 जिले सूखे की चपेट में दिखायें गये हैं। परन्तु प्रदेश सरकार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उत्तरांचल के प्रभावित जिलों को सूखा क्षेत्र घोाित किया जाये। केन्द्र से एक टीम तुरंत जांच के लिए भेजें और काश्तकारों को उचित धनराशि तुरंत दी जाये।